भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2526**

06 अगस्त, 2024 कोउत्तरार्थ

**विषय: किसानों की औसत वार्षिक आय**

**2526.श्री इमरान मसूदः**
**श्री हैबी ईडनः**
**श्री हरीश चन्द्र मीना**
**श्री सुखजिंदर सिंह रंधावाः**
**श्री सतपाल ब्रहमचारीः**
**श्री कार्ती पी. चिदम्बरम:**
**डॉ. मोहम्मद जावेद**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के विभिन्न राज्यों में किसानों की औसत वार्षिक/मासिक आय राज्य-वार कितनी है;
(ख) वर्ष 2014 से अब तक कर्ज में डूबे किसान परिवारों की संख्या राज्य-वार और वर्ष-वार कितनी है;
(ग) किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के नाम क्या हैं; और
(घ) किसानों की आय बढ़ाने और देश में कृषि को लाभदायक व्यवसाय बनाने के लिए सरकार की भावी योजनाएं क्या हैं?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

**(क):** ग्रामीण भारत में कृषि परिवारों और परिवारों की भूमि और पशुधन जोत के स्थिति आकलन सर्वेक्षण (एसएएस) के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के 2019, एनएसएस 77 दौरा 2019 के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के अनुसार, कृषि वर्ष जुलाई 2018- जून 2019 के दौरान प्रति कृषि परिवार की राज्यवार औसत मासिक आय **अनुबंध-I** में दी गई है।

**(ख):** जनवरी, 2013-दिसंबर, 2013 के दौरान आयोजित एनएसएस के 70वें दौरा और जनवरी, 2019-दिसंबर, 2019 के दौरान आयोजित 77वें दौरा के दौरान कृषि परिवारों के स्थिति आंकलन सर्वेक्षण के अनुसार, ऋणग्रस्त कृषि परिवारों का प्रतिशत क्रमशः 51.9%

और 50.2% था। समान अवधि के दौरान ऋणग्रस्त कृषि परिवारों का राज्यवार प्रतिशत अनुबंध-II में दिया गया है।

**(ग) और (घ):** सरकार ने देश में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसानों को उच्च आय प्राप्त कराने के लिए निम्नलिखित नीतियों, सुधारों, विकास कार्यक्रमों को अपनाया और कार्यान्वित किया है:

1. पीएम किसान के माध्यम से किसानों को आय अर्जन में सहायता
2. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)
3. कृषि क्षेत्र के लिए संस्थागत ऋण
4. उत्पादन लागत का डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करना
5. देश में जैविक खेती का संवर्धन
6. प्रति बूंद अधिक फसल
7. सूक्ष्म सिंचाई कोष
8. किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का संवर्धन
9. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन तथा शहद मिशन (एनबीएचएम)
10. कृषि मशीनीकरण
11. किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करना
12. राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-एनएएम) विस्तार मंच की स्थापना
13. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - ऑयल पाम (एनएमईओ-ओपी) का शुभारंभ
14. कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ)
15. कृषि उपज लॉजिस्टिक्स में सुधार, किसान रेल की शुरूआत
16. समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) - क्लस्टर विकास कार्यक्रम
17. कृषि और संबद्ध क्षेत्र में स्टार्ट-अप इकोसिस्टम का निर्माण
18. कृषि एवं संबद्ध कृषि वस्तुओं के निर्यात में उपलब्धि
19. केंद्रीय क्षेत्र योजना नमो ड्रोन दीदी

**अनुबंध-I**

**'किसानों की औसत वार्षिक आय' के संबंध में दिनांक 06.08.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2526 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-I**

**कृषि वर्ष जुलाई 2018- जून 2019 के दौरान कृषि परिवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार औसत मासिक आय**

| क्रम सं. | राज्य/पूर्वोत्तर राज्यों का समूह/संघ राज्य क्षेत्रों का समूह | कुल आय (रु.) |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 10,480 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 19,225 |
| 3 | असम | 10,675 |
| 4 | बिहार | 7,542 |
| 5 | छत्तीसगढ | 9,677 |
| 6 | गुजरात | 12,631 |
| 7 | हरियाणा | 22,841 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 12,153 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 18,918 |
| 10 | झारखंड | 4,895 |
| 11 | कर्नाटक | 13,441 |
| 12 | केरल | 17,915 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 8,339 |
| 14 | महाराष्ट्र | 11,492 |
| 15 | मणिपुर | 11,227 |
| 16 | मेघालय | 29,348 |
| 17 | मिजोरम | 17,964 |
| 18 | नागालैंड | 9,877 |
| 19 | ओडिशा | 5,112 |
| 20 | पंजाब | 26,701 |
| 21 | राजस्थान | 12,520 |
| 22 | सिक्किम | 12,447 |
| 23 | तमिलनाडु | 11,924 |
| 24 | तेलंगाना | 9,403 |
| 25 | त्रिपुरा | 9,918 |
| 26 | उत्तराखंड | 13,552 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 8,061 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 6,762 |
| | **पूर्वोत्तर राज्यों का समूह** | **16,863** |
| | **संघ राज्य क्षेत्रों का समूह** | **18,511** |
| | **अखिल भारत** | **10,218** |

*स्रोत: एनएसएस रिपोर्ट संख्या 587: ग्रामीण भारत में कृषि परिवारों और परिवारों की भूमि और पशुधन जोत की स्थिति का आकलन, 2019*

**अनुबंध- II**

**'किसानों की औसत आय' के संबंध में दिनांक 06/08/2024 को उत्तर के लिए निर्धारित लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2526 के भाग *(ख)* के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**कृषि वर्ष 2012-13 और 2018-19 के दौरान ऋणग्रस्त कृषि परिवारों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार प्रतिशत**

| **क्रम सं .** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों का समूह** | **2012-13 (70 वां दौरा)** | **2018-19 (77 वां दौरा)** |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 92.9 | 93.2 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 19.1 | 12.5 |
| 3 | असम | 17.5 | 31.0 |
| 4 | बिहार | 42.5 | 39.7 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 37.2 | 31.2 |
| 6 | गुजरात | 42.6 | 42.5 |
| 7 | हरियाणा | 42.3 | 47.5 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 27.9 | 29.2 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 30.7 | 31.9 |
| 10 | झारखंड | 28.9 | 25.3 |
| 11 | कर्नाटक | 77.3 | 67.6 |
| 12 | केरल | 77.7 | 69.9 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 45.7 | 48.4 |
| 14 | महाराष्ट्र | 57.3 | 54.0 |
| 15 | मणिपुर | 23.9 | 20.6 |
| 16 | मेघालय | 2.4 | 9.1 |
| 17 | मिजोरम | 6.2 | 8.0 |
| 18 | नागालैंड | 2.5 | 6.0 |
| 19 | ओडिशा | 57.5 | 61.2 |
| 20 | पंजाब | 53.2 | 54.4 |
| 21 | राजस्थान | 61.8 | 60.3 |
| 22 | सिक्किम | 14.3 | 10.6 |
| 23 | तमिलनाडु | 82.5 | 65.1 |
| 24 | तेलंगाना | 89.1 | 91.7 |
| 25 | त्रिपुरा | 22.9 | 47.7 |
| 26 | उत्तराखंड | 50.8 | 46.6 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 43.8 | 41.9 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 51.5 | 50.8 |
| | **संघ राज्य क्षेत्रों का समूह** | **37.2** | **27.5** |
| | **अखिल भारत** | **51.9** | **50.2** |

*स्रोत: एनएसएस केआई* (70/33): *भारत में कृषि परिवारों की स्थिति के प्रमुख संकेतक*, 2014 *और एनएसएस रिपोर्ट संख्या* 587: *ग्रामीण भारत में कृषि परिवारों और परिवारों की भूमि और पशुधन जोत की स्थिति का आकलन*, 2019।

*****